समुदाय स्कोर कार्ड:
क्या, क्यों और कैसे



ऑक्सफैम इंडिया
OXFAM
India

लेखिका: रजनी आर. मेनन और अजया दीप (एक्शन इंडिया)

योगदान: मेरी थॉमस, जूली थेक्कुदन, शिवानी सिंह, उर्मिमाला सेनगुप्ता, रुकमिनी पांडा, सपना सारिका सुरीन, सुश्मिता गोस्वामी

संपादन एवं प्रफू संषोधन: सपना सारिका सुरीन

चित्र: क्रिएटिगं स्पेसेस प्रोजेक्ट © ऑक्सफैम इंडिया, 2017

ऑक्सफैम इंडिया 2017 का इस प्रकाशन पर कॉपीराइट है परंतु इसका प्रयोग पैरवी, अभियान, शैक्षणिक एवं शोध के उद्देश्यों के लिए निशुल्क किया जा सकता है, बशर्ते स्रोत का पूर्ण रूप से उल्लेख किया जाए। कॉपीराइट धारक सभी उपयागेकर्ताओं से अनुरोध करता है कि उपयागों की जानकारी उन्हें दें ताकि इससे होने वाले प्रभाव का आंकलन किया जा सके।

ऑक्सफैम इंडिया, एक पूरी तरह से स्वतंत्र भारतीय संस्था, 20 संस्थाओं के अंतर्राष्ट्रीय परिसंघ (कन्फेडरेशन) की सदस्य है और भारतीय कंपनी कानून की धारा 8 के तहत कंपनी के रूप में पंजीकृत है। ऑक्सफैम अधिकार आधारित सस्थाएँ हैं, जो ज़मीनी स्तर के हस्तक्षेपों को स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक नीतिगत विकास से जोड़कर गरीबी और अन्याय से लड़ते हैं।

समुदाय स्कोर कार्ड:
क्या, क्यों और कैसे

ऑक्सफेम भागीदारों के लिए मैनुअल (नियमावली)

ऑक्सफेम इंडिया द्वारा विकसित

मैनुअल (गाइड/नियमावली) का उद्देश्य क्या है?

स्कोर कार्ड का मतलब किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह द्वारा एक समय अवधि में प्राप्त किसी भी उपलब्धि का एक मात्रात्मक मूल्यांकन है। आम तौर पर स्कोर कार्ड की रेटिंग स्वयं/समूह या बाहरी संस्था द्वारा की जाती है। इस मैन्युअल के माध्यम से महिलाओं, लड़कियों, परुषों, लड़कों के समूह और समुदाय से प्रभावी व्यक्ति द्वारा अपने समुदाय में हो रहे घरेलू हिंसा और बाल विवाह को मैप करने के संदर्भ में मार्गदर्शन करेगा।

मैनुअल का उद्देश्य दोहरा है : सबसे पहले मैनुअल समूह द्वारा महिलाओं और लड़कियों के विरुद्ध हो रही हिंसा के मानचित्रण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने में ऑक्सफैम साझेदारों की क्षमता का निर्माण करेगा। और दूसरा, महिलाओं और लड़कियों के विरुद्ध हो रही हिंसा के खिलाफ स्कोर कार्ड के आधार पर समुदाय को सामूहिक रूप से खड़े होने को प्रोत्साहित करेगा।

मैनुअल का उपयोग कौन कर सकता है?

मैनुअल का उपयोग ऑक्सफैम के लैंगिक मुद्दों पर काम कर रहे सहयोगियों द्वारा किया जा सकता है। समन्वयकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले उत्पाद के परिप्रेक्ष्य में विकसित, यह रेटिंग की पद्धति का विवरण प्रदान करता है और आखिर में समुदाय के सदस्यों द्वारा मूल्यांकित स्कोर रेट की प्रक्रिया प्रदान करता है।

मैनुअल कैसे व्यवस्थित किया जाता है?

मैनुअल समुदाय के द्वारा स्कोर कार्ड की कार्यप्रणाली को प्रस्तुत करेगा। मैनुअल को पहला निर्माण खंड के रूप में सामुदायिक स्कोर कार्ड प्रक्रिया को समझने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। इस प्रकार यह अनुशंसा की जाती है कि इसके कार्यान्वयन के

प्रभाव को और अधिक बढ़ाने के लिए ऑक्सफैम के सहयोगी कर्मचारियों द्वारा उपयुक्त कदम उठाए जाएं।

समन्वयक के लिए टिप्पणियां

समुदाय स्कोर कार्ड प्रक्रिया की सरलीकरण की तैयारी, इसकी सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें स्कोर कार्ड अभ्यास के पहले की तैयारी, अभ्यास के दौरान तथा अभ्यास की प्रक्रिया के बाद की तैयारी शामिल है।

मैनुअल के साथ परिचय : संपूर्ण मैनुअल की जानकारी पूरी तरह से होना महत्वपूर्ण है ताकि समन्वयक/समन्वयकों को किसी भी अभ्यास/गतिविधि को संचालित करने तथा प्रक्रिया के लिए आवश्यक सामग्री के विषय की जानकारी पूर्ण रूप से हो । सहकर्मियों के साथ पूर्वाभ्यास से समूह में से आने के लिए संभावित सवाल/प्रतिक्रिया की जानकारी एंव उसको प्रभावात्मक तरीके से निपटाने का बोध भी होगा।

प्रक्रिया की शुरूआत में आचरण के नियम का निर्धारण: यह प्रक्रिया अनुभवनात्मक प्रकृति से संवेदनशील, भावनात्मक, विवादास्पद और तर्कसंगत हो सकती है क्योंकि समुदाय अपने विचार, विश्वास, धारणाओं, आधारों, पूर्वाग्रहों आदि को स्पष्ट रूप से स्कोर कार्ड पर साझा कर सकते है ।

इससे बचने के लिए, समन्वयक को नियमों को तय करना चाहिए ताकि प्रतिभागी स्कोरिंग प्रक्रिया के दौरान किसी भी पारस्परिक चर्चा में शामिल न हो सके। समुदाय को सूचित करें किअभ्यास करते समय उनका निष्पक्ष रहना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया में गोपनीयता बनाए रखना और 'सही या गलत जवाब' का कोड महत्वपूर्ण है।

समन्वयक की भूमिका

समुदाय के सदस्यों का सम्मान करना:- इस अभ्यास में सभी प्रतिभागी अपने निजी अनुभव लेकर आते हैं। एक समन्वयक के रूप में सभी का सम्मान करना और सभी को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। प्रतिभागी जो अनपढ़ हैं, उन्हें अभ्यास करने में सहायता करना एक समन्वयक की ज़िम्मेदारी है।

समूह के मनोभाव को महसूस करना:- समन्वयक के रूप में यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि क्या प्रतिभागियों को समन्वयक द्वारा चर्चा की गई हर बात स्पष्ट है या नहीं। साथ ही यह भी देखना महत्वपूर्ण है कि क्या किसी भी प्रतिभागी को अपने बारे में बात करते हुए अलग-थलग या संकोच तो नहीं हो रहा है। ध्यान रखें की कभी भी किसी भी प्रतिभागी द्वारा उठाए गए प्रश्नों की आप (समन्वयक) के द्वारा उपेक्षा न हो ।

उपकरण और सहयोगी

सामुदायिक स्कोर कार्ड की प्रक्रिया को अच्छी तरह से सुविधाजनक बनाने के लिए, प्रतिभागियों के लिए पर्याप्त संख्या में मुद्रित स्कोर कार्ड की प्रतियां तथा पेन / पेंसिल तैयार होना चाहिए।

समुदाय स्कोर कार्ड उपकरण का परिचय

सामुदायिक स्कोर कार्ड एक समुदाय के अधिकार परिप्रेक्ष्य से किसी सेवावितरण की स्थिति का आकलन, निगरानी, योजना और मूल्यांकन करने के लिए एक उपकरण है। इस समुदाय स्कोर कार्ड को समुदाय में घरेलू हिंसा और बाल विवाह के मानचित्रण के लिए अनुकूलित किया गया है, और कानून के दायरे के भीतर सरकारी कर्मचारियों द्वारा सेवाओं के वितरण का आकलन करना है, यानी घरेलू हिंसा अधिनियम और बाल विवाह प्रतिबंध

अधिनियम से महिलाओं का संरक्षण। यह सामुदायिक सदस्यों और सेवा प्रदाताओं के बीच लिंग मानदंडों पर जागरूकता बढ़ाने, जवाब देही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए समुदाय को अपनी धारणाओं को सूचित करने के लिए एक सहभागी उपकरण है।

समुदाय स्कोर कार्ड का उपयोग करने की विधि

सामुदायिक स्कोर कार्ड अभ्यास के एक चक्र में प्रत्येक गांव में निम्नलिखित दस कदम उठाए जाने चाहिए।

1. प्रतिभागी समूह की पहचान

सामुदायिक स्कोर कार्ड को लागू करने के लिए पहला कदम उस समुदाय की पहचान करना है जिनके बीच यह उपकरण उपयोग किया जाएगा। ऑक्सफैम की परियोजनाओं के माध्यम से किशोरावस्था की लड़कियां, किशोर लड़के, महिलाएं, पुरुषों और समुदाय के प्रभावी व्यक्तियों के बनाये गए समूह, इस सामुदायिक स्कोर कार्ड पर काम करेंगे।

2. समुदाय को सुनियोजित करना

अभ्यास को करने के लिए समन्वयक को हर छह माह में प्रत्येक समूह के साथ बैठक का व्यवस्था करना होगा । अभ्यास के बाद, समन्वयक को प्रत्येक समूह से दो प्रतिनिधियों का चयन करना होगा। फिर ये प्रतिनिधि समूहों द्वारा किए गए स्कोरिंग का विश्लेषण एक साथ करेंगे।

3. प्रत्येक समुदाय के समूह में स्कोर कार्ड का परिचय

प्रत्येक समूह में, समन्वयक बैठक और अभ्यास के आयोजन के उद्देश्य की व्याख्या करेगा। इस अभ्यास की अवधि एक घंटे की होगी। सामुदायिक स्कोर कार्ड शीट को प्रतिभागियों को आवश्यक निर्देशों के अनुसार वितरित किया जाएगा। जो प्रतिभागी

अनपढ़ हैं, उन्हें यह बताकर सहज करें कि उन्हें इस प्रक्रिया में समुचित सहयोग दिया जाएगा। समन्वयक प्रतिभागियों को समुदाय स्कोर कार्ड के कॉलम 1 से पढ़ने के लिए कहें, तथा उन्हें सूचित करें कि कॉलम 1में दिए गए विषयों पर उनके सभी प्रश्नों को अभ्यास के दौरान समन्वयक द्वारा स्पष्ट किया जाएगा (नीचे समुदाय स्कोर कार्ड देखें)

समन्वयक के लिए अधिक जानकारी के साथ सामूहिक स्कोर कार्ड अनुबंध में दिया गया है।

समुदाय स्कोर कार्ड शीट

समूह का नाम	गांव:
व्यक्ति का नाम तिथि:	

	संकेतक	स्कोर* (0, 1, 2, 3, 4, 5)	कारण/अवलोकन
	सामान्य वर्ग		
1.	हमारे समुदाय में लड़कियों को प्राथमिक शिक्षा दी जाती है।		
2.	हमारे समुदाय में लड़कों को प्राथमिक शिक्षा दिया जाता है।		
3.	हमारे समुदाय में पुरुष घर के काम काज में मदद करते हैं।		
4.	महिलाएं सामुदायिक स्तर की गतिविधियों में स्वतंत्ररूप से भाग लेने में सक्षम हैं।		
5.	हमारे समुदाय में महिलाएँ और लड़कियाँ घर के महत्वपूर्ण मुद्दों में निर्णय लेने में सक्षम हैं।		
6.	हमारे समुदाय में पुरुष परिवार का भरण-पोषण करता है।		
7.	हमारे समुदाय में स्त्री और पुरुष एक समान हैं।		
8.	समुदाय में महिलाएं आर्थिक और आजीविका के काम में प्रशिक्षित और कुशल हैं।		
9.	महिलाएं किसी भी आर्थिक काम तथा अपना कोई भी उद्योग शुरू करने में शामिल हैं ।		

	संकेतक	स्कोर* (0, 1, 2, 3, 4, 5)	कारण/अवलोकन
घरेलू हिंसा की घटना और घरेलू हिंसा कानून को लेकर जागरूकता			
10.	हमारे समुदाय में घरेलू हिंसा की घटनाएं प्रचलित हैं।		
11.	परिवार के पुरुष परिवार में हो रहे घरेलू हिंसा की स्थिति को रोकते हैं।		
12.	पड़ोसी या समुदाय अपने आस पास के घरेलू हिंसा की स्थिति में हस्तक्षेप करते हैं।		
13.	हमारे समुदाय में आश्रय गृह है।		
14.	घरेलू हिंसा से पीड़ित के पुनर्वास के लिए आश्रय गृहों की स्थिति अच्छी है।		
15.	समुदाय महिलाओं के संरक्षण के लिए घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के बारे में जानते है।		
16.	महिलाओं को पता है कि घरेलू हिंसा की घटना की रिपोर्ट कैसे करें।		
17.	महिलाओं को घरेलू हिंसा कानून, 2005 के तहत महिलाओं के राहत-संरक्षण के बारे में पता है।		
18.	घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के तहत महिलाओं को मिलने वाली राहत के बारे में समुदाय को पता है।		
19.	घरेलू हिंसा पीड़ित के इलाज के दौरान डॉक्टर ऐसे मामलों को संवेदनशीलता के साथ देखते हैं।		
20.	लड़की का जन्म हमारे समुदाय में घरेलू हिंसा का कारण नहीं है।		

	संकेतक	स्कोर* (0, 1, 2, 3, 4, 5)	कारण/अवलोकन
21.	परिवार (महिला का मायका) घरेलू हिंसा पीड़िता की आर्थिक और भावनात्मक रूप से मदद करता है।		
घरेलू हिंसा की रिपोर्टिंग			
22.	हमारे समुदाय में महिलाएं डॉक्टर को घरेलू हिंसा की घटना के बारे में खुल कर बता ने में सक्षम हैं।		
23.	महिला सहायता डेस्क पर महिला कॉन्सटेबल उपलब्ध रहती हैं।		
24.	पुलिस घरेलू हिंसा पीड़िता की शिकायत सुनती है।		
25.	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डी.एल. एस. ए.) के वकील घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 से अवगत हैं।		
26.	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डी. एल. एस. ए.) के वकील घरेलू हिंसा पीड़िता को आवश्यक सहायता प्रदान करते हैं।		
27.	महिलाएं सेवा प्रदाताओं तक पहुंचने में सक्षम हैं, जो समय और गुणवत्ता के साथ सेवाएं प्रदान करते हैं।		
बाल विवाह पर जागरूकता			
28.	समुदाय बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के बारे में जानता है।		
29.	हमारे समुदाय में बच्चों की कम उम्र में या ज़बरदस्ती शादी नहीं हो रही है।		
30.	हमारे समुदाय में लड़कियों की शादी की औसत उम्र 18 वर्ष है।		

	संकेतक	स्कोर* (0, 1, 2, 3, 4, 5)	कारण/अवलोकन
31.	शादी के लिए लड़की की सहमति महत्वपूर्ण है।		
32.	समुदाय अपने क्षेत्र के बाल विवाह निषेध अधिकारी के बारे में जानता है।		
33.	समुदाय को पता है कि बाल विवाह,महिला और लड़कियों पर हो रहे हिंसा का कारण बनता है।		
बाल विवाह पर रिपोर्टिंग			
34.	बाल विवाह निषेध अधिकारी बाल विवाह को रोकता है।		
35.	एकीकृत बाल संरक्षण योजना के तहत हमारे समुदाय में शिशु गृह बने हैं।		
36.	मुझे सरकार की चाइल्ड लाइन सेवा के बारे पता है।		
37.	पड़ोसी / समुदाय बाल विवाह रोकने में हस्तक्षेप करता है।		
38.	हमारे समुदाय में अंतरधार्मिक और अंतरजातीय विवाह स्वीकार हैं।		
39.	हमारे समुदाय में सभी विवाह पंजीकृत हैं।		
40.	हमारे समुदाय में सभी बच्चों का जन्म पंजीकृत है।		
41.	समुदाय में कम उम्र की दुल्हन की तस्करी होती है / हमारे समुदाय में दूसरे राज्यों से कम उम्र की लड़कियों को लाया जाता है।		

	संकेतक	स्कोर* (0, 1, 2, 3, 4, 5)	कारण/अवलोकन
सामुदायिक कार्रवाई			
42.	समुदाय के सदस्य या नेता या गांव के बुजुर्गों ने व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से घरेलू हिंसा के खिलाफ कार्रवाई की है।		
43.	समुदाय के सदस्य या नेता या गांव के बुजुर्गों ने व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई की है।		
44.	बाल विवाह को रोकने के लिए ग्राम पंचायत ने कार्रवाई की है।		
45.	धर्म गुरु घरेलू हिंसा और बाल विवाह की स्थिति के खिलाफ बोलते हैं या रोकते हैं या कार्रवाई करते हैं।		

*स्कोर 0=लागू नहीं, स्कोर 1=दृढ़ता पूर्वक असहमत, स्कोर 2=असहमत, स्कोर 3=आंशिक रूप से सहमत, स्कोर 4=सहमत, स्कोर 5=दृढ़ता पूर्वक सहमत

4. स्कोर कार्ड की रेटिंग

कॉलम 2 में, प्रतिभागियों को प्रत्येक संकेतक के बराबर स्कोर देना होगा। स्कोर सबसे अच्छे से लेकर सबसे ख़राब यानी 5 से 1 के बीच है।

- स्कोर 5 संकेत करता है कि प्रतिभागी कथन से 'दृढ़ता से सहमत' हैं।
- स्कोर 4 संकेत करता है कि प्रतिभागी कथन से 'सहमत' हैं।
- स्कोर 3 संकेत करता है कि प्रतिभागी कथन से 'आंशिक रूप से सहमत' हैं।
- स्कोर 2 संकेत करता है कि प्रतिभागी कथन से 'सहमत नहीं' हैं।
- स्कोर 1 संकेत करता है कि प्रतिभागी कथन से 'दृढ़ता से असहमत' हैं।
- स्कोर 0 संकेत करता है कि प्रतिभागी के लिए कथन 'लागू नहीं ' हैं।

5. व्यक्तिगत तौर पर समुदाय स्कोर कार्ड शीट भरना

प्रतिभागियों को अपने समूह का नाम, गांव का नाम और तिथि स्कोर कार्ड शीट के ऊपर भरने के लिए कहें। उसके बाद समन्वयक प्रत्येक कथन को जोर से पढ़ें। प्रतिभागी को प्रत्येक कथन के अनुरूप कॉलम 2 में अपने स्कोर को दर्ज करने के लिए कहें। मूल्यांकन व्यक्तिगत अनुभव पर आधारित होना चाहिए। प्रतिभागियों को उनके सह-प्रतिभागियों के साथ मूल्यांकन पर आपस में चर्चा ना करने दें। प्रतिभागी या प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत वक्तव्य पर समन्वयक स्पष्टीकरण प्रदान कर सकता है। प्रतिभागियों को एक पंक्ति या दो पंक्तियों में प्रत्येक कथन के तहत अपने कारणों या टिप्पणियों को लिखने के लिए निर्देश दिए जाए। यह समूह अपनी शीट भरकर समन्वयक को वापस करेगा और उस जगह से हट जाएगा।

6. समूह स्कोर कार्ड से रेटिंग संकलित करना

तब समन्वयक एक मिश्रित समूह(प्रत्येक समूह यानी लड़कियों,महिला, पुरुष और लड़कों के समूह से दो-दो प्रतिनिधि सदस्य) के साथ एक और बैठक की व्यवस्था करेगा। इस समूह में प्रत्येक समूह के दो चुने हुए प्रतिनिधियों का समावेश होगा। इस

बैठक का उद्देश्य समूहों द्वारा मूल्यांकित स्कोरों को संकलित करना है।

समन्वयक समूहों से भरे हुए कार्ड, संबंधित समूह प्रतिनिधियों को वितरित करेगा। एक नई समुदाय स्कोर कार्ड शीट उन्हें(समूह प्रतिनिधियों को) भी दी जाएगी। समूह के दोनों प्रतिनिधि प्रत्येक संकेतक और उनके समूह के सदस्यों द्वारा दी गई रेटिंग के माध्यम से मूल्यांकन करेंगे। फिर वे अपने समूह द्वारा दिए गए प्रत्येक कथन के तहत बहुमत रेटिंग को नोट करते हुए, यह बहुमत रेटिंग प्रत्येक कथन के लिए संकलित अंक के रूप में चिह्नित करेंगे । उदाहरण के लिए, कथन एक में उनके समूह के सदस्यों द्वारा दी गई बहुमत रेटिंग 3 है, तो प्रतिनिधियों के लिए नए स्कोर कार्ड शीट में कथन एक के लिए बहुमत रेटिंग संकलित अंक 3 होगा। अगर किसी कथन के लिए रेटिंग एक समान है, तो वे औसत की गणना करेंगे और रेटिंग को दर्ज करेंगे। जैसे- नए कार्ड में अर्थात अगर कथन एक के तहत 3 और 4 की बहुमत रेटिंग है, तो औसत रेटिंग(3 + 4) /2 = 3.5 होगी। इस प्रकार नए स्कोर कार्ड शीट में कथन एक के लिए रेटिंग 3.5 होगी। नीचे संकलन पत्र (शीट) का प्रारूप दिया गया है।

संकेतक 1	**प्रतिभागीयं**	**स्कोर**
	प्रतिभागी 1	
	प्रतिभागी 2	
	.....	
	.....	
	प्रतिभागी 20	
औसत स्कोर		
संकेतक 2	**प्रतिभागीयं**	**स्कोर**
	प्रतिभागी 1	
	प्रतिभागी 2	
	.....	
	.....	
	प्रतिभागी 20	
औसत स्कोर		

संकलन पत्र (शीट) का प्रारूप

सभी संकेतकों के लिए स्कोर औसतन होना चाहिए। इस अभ्यास को पूरा करने के बाद, समन्वयक व्यक्तिगत स्कोर कार्ड के बंडल को वापस जमा करेगा। समूह के प्रतिनिधियों को अब अपने संबंधित समूहों के नए संकलित स्कोर कार्ड पर ध्यान देने के लिए सूचित किया जाए।

7. सामुदायिक स्कोर कार्ड की सामूहिक रेटिंग

सभी समूह के प्रतिनिधि अपने संकलित कार्ड लेंगे और कमरे के विभिन्न कोनों में बैठेंगे। समन्वयक कमरे के मध्य में खड़े होंगे और स्कोर कार्ड से कथनों को जोर से पढ़ेंगे। प्रत्येक समूह उनके रेटिंग के अनुरूप कथन पर प्रतिक्रिया देगा। यह सामूहिक रेटिंग के बाद होगा। यदि कथन 1 में समूह 1 से 3 अंक; समूह 2 से 5 अंक; समूह 4 से 4 अंक और समूह 5 से 3 अंक हैं, तब समन्वयक समूह के लिए औसत अंक निकालेगा अर्थात 3 + 5 + 4 + 3 = 15/4=3.75 । इस तरह कथन एक के लिए सामूहिक स्कोर 3.75 होगा। समन्वयक सामूहिक रेटिंग कार्ड में पूरे समुदाय द्वारा दिए गए सामूहिक रेटिंग को दर्ज करेगा और जोर से पढ़ेगा। सुनिश्चित करें कि सभी समूह सामूहिक स्कोर से सहमत हों। प्रत्येक अंक के अंकन के बाद, समूहों से टिप्पणियों/कारणों के लिए पूछें। समन्वयक को सामूहिक रूप से सामूहिक मूल्यांकन कार्ड में प्रत्येक कथन के सामने महत्वपूर्ण टिप्पणियों को लिखना होगा। प्राप्त विवरण को जोर से पढ़ें जिससे कि सभी इससे सहमत हों। सामूहिक रेटिंग की यह प्रक्रिया समुदाय को महिलाओं और लड़कियों के विरुद्ध हिंसा की अपनी धारणा को दरसायेगा। समेकित समुदाय स्कोर कार्ड का प्रारूप नीचे दिया गया है ।

समेकित स्कोर कार्ड का नमूना

संकेतक 1	समूह	स्कोर	महत्वपूर्ण टिप्पणियां
	लड़की		
	लड़का		
	महिला		
	पुरुष		
औसत स्कोर			
संकेतक 2	**समूह**	**स्कोर**	**महत्वपूर्ण टिप्पणियां**
	लड़की		
	लड़का		
	महिला		
	पुरुष		
औसत स्कोर			

इसी तरह, सभी स्कोर समेकित (संयुक्त) होना चाहिए। तब समन्वयक को समूह को सूचित करना चाहिए कि उन्हें इन निष्कर्षों को घरेलू हिंसा और बालविवाह कानून के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार सरकारी कर्मचारियों के साथ इंटरफेस (अंतराफलक) बैठक के माध्यम से साझा करना चाहिए। एक सामूहिक निर्णय लिया जाना चाहिए कि कौन-कौन से सेवा प्रदाताओं को इंटरफेस बैठक के लिए आमंत्रित करना चाहिए।

8. सेवा प्रदाताओं के साथ इंटरफेस बैठक औरआगे की कार्रवाई

सामूहिक रेटिंग के बाद, घरेलू हिंसा और बाल विवाह कानूनों को लागू करने के लिए एक घंटे की इंटरफ़ेस बैठक को साझेदार/सरकारी कर्मचारियों के साथ संयोजित किया जाए । इंटरफेस बैठक की तारीख और स्थल की योजना बनाई जाए और समुदाय के सभी सदस्यों को सूचित किया जाए और सेवा प्रदाताओं / सरकारी कर्मचारियों को इस बैठक के लिए आमंत्रित किया जाए ।सेवा प्रदाताओं के साथ इंटरफ़ेस बैठक का नेतृत्व करने के लिए एक प्रतिनिधि / दो प्रतिनिधियों को सामूहिक रेटिंग समूह से चुना

जाना चाहिए। यदि इंटरफ़ेस बैठक को सावधानी से न संभाला जाए तो चर्चा के दौरान टकराव की संभावना हो सकती है। व्यक्तिगत मामला भी उजागर हो सकता है।एक समन्वयक में बातचीत का पर्याप्त कौशल और मजबूत व्यक्तित्व का होना महत्वपूर्ण है। इस बैठक के दौरान सामुदायिक स्कोर कार्ड शीट से सिर्फ 'जागरूकता' और 'रिपोर्टिंग' के वर्गों पर चर्चा की जाएगी।

समन्वयक समुदाय सदस्यों द्वारा आयोजित महिलाओं और लड़कियों के विरूद्ध हो रही हिंसा के मानचित्रण की प्रक्रिया को प्रस्तुत करे। तथा इसे 'जागरूकता' और 'रिपोर्टिंग' के पहलुओं पर केंद्रित निष्कर्षों को भी प्रस्तुति करे । प्रतिक्रियाओं की मांग सेवा प्रदाता तथा सरकारी कर्मचारियों से की जाने चाहिए। समुदाय आगे के फॉलो अप के लिए तैयार रहें। समन्वयक को सेवा प्रदाताओं द्वारा की दी गई आगे की कार्रवाई को फॉलो-अप शीट में नोट करना चाहिए। इंटरफेस बैठक से पहले समन्वयक को फॉलो-अप शीट तैयार कर लेना चाहिए।

फॉलो–अप (**Follow Up**) नमूना शीट

संकेतक	कार्रवाई	कौन नेतृत्व करेगा	किस के साथ	कब तक

9. समुदाय के साथ स्कोर कार्ड के 'सामान्यअनुभाग' की आगे की कार्रवाई

फॉलो-अप / आगे की कार्रवाई के लिए सामूहिक रेटिंग के सामान्य अनुभाग पर समूह के मासिक बैठकों(पाठ्यक्रम के आधार पर) में चर्चा करना।

10. स्कोर कार्ड चक्र को दोहराने के लिए योजना

समन्वयक को छह महीने के बाद अगले दौर के सामुदायिक स्कोर कार्ड अभ्यास के

लिए योजना बनानी चाहिए।

दूसरे दौर के हर कदम से पहले, समन्वयक को पिछले अभ्यास पर संक्षिप्त ब्योरा देने के लिए थोड़ा समय देने चाहिए। और समुदाय के साथ ही सेवा प्रदाताओं द्वारा आगे की कार्रवाइयों पर गंभीर रूप से विचार करने के लिए समय देने चाहिए।

सामुदायिक स्कोर कार्ड अभ्यास के लाभ

- समुदाय स्कोर कार्ड महिलाओं और लड़कियों के विरूद्ध हो रहे हिंसा के मुद्दों पर समुदाय की धारणाओं की एक सामान्य समझ की सुविधा देता है।
- सामुदायिक स्कोर कार्ड समुदाय को स्वामित्व की भावना देता है और महिलाओं और लड़कियों के विरुद्ध हो रहे हिंसा के मुद्दों को सामूहिक रूप से दूर करने में उनकी मदद करता है।
- यह सकारात्मक लिंग मानदंडों को बढ़ावा देने में सामूहिक कार्रवाई को प्रोत्साहित करता है।
- महिलाओं और लड़कियों के विरूद्ध हो रहे हिंसा के मुद्दों को संबोधित करते हुए आने वाले किसी भी प्रतिक्षेप से सामना करने के लिए सामूहिक आवाज समर्थ है।
- यह उत्तरदायित्व, पारदर्शिता और सेवा प्रदाताओं की जिम्मेदारी की सुविधा देता है।
- समुदाय को महिलाओं के विशिष्ट कानूनों के बारे में सूचित किया जाएगा ताकि महिलाओं/लड़कियों को उनका दावा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।
- यह बातचीत को बढ़ावा देता है और सेवा प्रदाताओं के साथ संबंधों में सुधार करता है।
- सामुदायिक स्कोर कार्ड आलोचनात्मक सोच, चिंतन, खुले संवाद को बढ़ावा देता है और महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा के मुद्दों के विरुद्ध सामूहिक कार्रवाई को बढ़ावा देता है।

समन्वयक के लिए अधिक जानकारी के साथ सामूहिक स्कोर कार्ड अनुबंध :

समुदाय स्कोर कार्ड शीट

समूह का नाम	गांव:
व्यक्ति का नाम तिथि:	

	संकेतक	स्कोर* (0, 1, 2, 3, 4, 5)	कारण/अवलोकन
सामान्य वर्ग			
1.	हमारे समुदाय में लड़कियों को प्राथमिक शिक्षा दी जाती है।		
2.	हमारे समुदाय में लड़कों को प्राथमिक शिक्षा दिया जाता है।		
3.	हमारे समुदाय में पुरुष घर के कामकाज में मदद करते हैं।		
4.	महिलाएं सामुदायिक स्तर की गतिविधियों में स्वतंत्र रूप से भाग लेने में सक्षम हैं।		
5.	हमारे समुदाय में महिलाएँ और लड़कियाँ घर के महत्वपूर्ण मुद्दों में निर्णय लेने में सक्षम हैं। जैसे- शिक्षा, स्वास्थ्य , संपत्ति खरीद या बिक्री, विवाह आदि		
6.	हमारे समुदाय में पुरुष परिवार का भरण-पोषण करता है।		

संकेतक		स्कोर* (0, 1, 2, 3, 4, 5)	कारण/अवलोकन
7.	हमारे समुदाय में स्त्री और पुरुष एक समान हैं। जैसे- शिक्षा, रोजगार, बराबर वेतन समान कार्य, आदि		
8.	समुदाय में महिलाएं आर्थिक और आजीविका के काम में प्रशिक्षित और कुशल हैं।		
9.	महिलाएं किसी भी आर्थिक काम तथा अपना कोई भी उद्योग शुरू करने में शामिल हैं ।		
घरेलू हिंसा की घटना और घरेलू हिंसा कानून को लेकर जागरूकता			
10.	हमारे समुदाय में घरेलू हिंसा की घटनाएं प्रचलित हैं।		
11.	परिवार के पुरुष परिवार में हो रहे घरेलू हिंसा की स्थिति को रोकते हैं।		
12.	पड़ोसी या समुदाय अपने आसपास के घरेलू हिंसा की स्थिति में हस्तक्षेप करते हैं।		
13.	हमारे समुदाय में आश्रय गृह है।		
14.	घरेलू हिंसा से पीड़ित के पुनर्वास के लिए आश्रय गृहों की स्थिति अच्छी है।		
15.	समुदाय महिलाओं के संरक्षण के लिए घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के बारे में जानते है।		

	संकेतक	स्कोर* (0, 1, 2, 3, 4, 5)	कारण/अवलोकन
16.	महिलाओं को पता है कि घरेलू हिंसा की घटना की रिपोर्ट कैसे करें।		
17.	महिलाओं को घरेलू हिंसा कानून, 2005 के तहत महिलाओं के राहत-संरक्षण के बारे में पता है।		
18.	घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के तहत महिलाओं को मिलने वाली राहत के बारे में समुदाय को पता है।		
19.	घरेलू हिंसा पीड़ित के इलाज के दौरान डॉक्टर ऐसे मामलों को संवेदनशीलता के साथ देखते हैं।		
20.	लड़की का जन्म हमारे समुदाय में घरेलू हिंसा का कारण नहीं है।		
21.	परिवार (महिला का मायका) घरेलू हिंसा पीड़िता की आर्थिक और भावनात्मक रूप से मदद करता है।		
घरेलू हिंसा की रिपोर्टिंग			
22.	हमारे समुदाय में महिलाएं डॉक्टर को घरेलू हिंसा की घटना के बारे में खुल कर बताने में सक्षम हैं।		
23.	महिला सहायता डेस्क पर महिला कॉन्सटेबल उपलब्ध रहती हैं।		
24.	पुलिस घरेलू हिंसा पीड़िता की शिकायत सुनती है।		

	संकेतक	स्कोर* (0, 1, 2, 3, 4, 5)	कारण/अवलोकन
25.	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डी. एल. एस. ए.) के वकील घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 से अवगत हैं।		
26.	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डी. एल. एस. ए.) के वकील घरेलू हिंसा पीड़िता को आवश्यक सहायता प्रदान करते हैं।		
27.	महिलाएं सेवा प्रदाताओं तक पहुंचने में सक्षम हैं, जो समय और गुणवत्ता के साथ सेवाएं प्रदान करते हैं।		
बाल विवाह पर जागरूकता			
28.	समुदाय बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के बारे में जानता है।		
29.	हमारे समुदाय में बच्चों की कम उम्र या ज़बरदस्ती शादी नहीं हो रही है।		
30.	हमारे समुदाय में लड़कियों की शादी की औसत उम्र 18 वर्ष है।		
31.	शादी के लिए लड़की की सहमति महत्वपूर्ण है।		
32.	समुदाय अपने क्षेत्र के बाल विवाह निषेध अधिकारी के बारे में जानता है।		
33.	समुदाय को पता है कि बाल विवाह, महिला और लड़कियों पर हो रहे हिंसा का कारण बनता है।		

	संकेतक	स्कोर* (0, 1, 2, 3, 4, 5)	कारण/अवलोकन
बाल विवाह पर रिपोर्टिंग			
34.	बाल विवाह निषेध अधिकारी बाल विवाह को रोकता है।		
35.	एकीकृत बाल संरक्षण योजना के तहत हमारे समुदाय में शिशुगृह बने हैं।		
36.	मुझे सरकार की चाइल्ड लाइन सेवा के बारे पता है ।		
37.	पड़ोसी/समुदाय बाल विवाह रोकने में हस्तक्षेप करता है।		
38.	हमारे समुदाय में अंतरधार्मिक और अंतरजातीय विवाह स्वीकार हैं।		
39.	हमारे समुदाय में सभी विवाह पंजीकृत हैं।		
40.	हमारे समुदाय में सभी बच्चों का जन्म पंजीकृत है।		
41.	समुदाय में कम उम्र की दुल्हन की तस्करी होती है/ हमारे समुदाय में दूसरे राज्यों से कम उम्र की लड़कियों को लाया जाता है।		

	संकेतक	स्कोर* (0, 1, 2, 3, 4, 5)	कारण/अवलोकन
सामुदायिक कार्रवाई			
42.	समुदाय के सदस्य या नेता या गांव के बुजुर्गों ने व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से घरेलू हिंसा के खिलाफ कार्रवाई की है। जैसे- व्यक्तिगत दखल, हिंसा से पीड़िता की सहायता, घरेलू हिंसा या बाल विवाह को रोकने के लिए सामूहिक रूप से हस्तक्षेप किया, सामूहिक रूप से बाल विवाह को रोकने के लिए माता-पिता से बात की , मामला थाने तक लेजाना, पीड़िता को परामर्श प्रदान करना।		
43.	समुदाय के सदस्य या नेता या गांव के बुजुर्गों ने व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई की है। जैसे-इस मुद्दे को हल करने के लिए हस्तक्षेप करना, ग्राम सभा में मामले की जानकारी देना और चर्चा करना, मामला सरकारी अधिकारियों तक सूचित करना।		

संकेतक		स्कोर* (0, 1, 2, 3, 4, 5)	कारण/अवलोकन
44.	बाल विवाह को रोकने के लिए ग्राम पंचायत ने कार्रवाई की है। जैसे-बाल विवाह के मुद्दे को रोकने के लिए हस्तक्षेप करना, सामूहिक रूप से बाल विवाह को रोकने के लिए माता-पिता से बात करना, ग्राम सभा में मामले की जानकारी देना और अलग से मामले को रोकने के लिए चर्चा करना, अलग से बाल विवाह के मामले को रोकने के लिए गांव स्तर की बाल संरक्षण समिति या ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर (बी. डी. ओ.) या सी. डी. पी. ओ. के साथ बैठक करना।		
45.	धर्म गुरु घरेलू हिंसा और बाल विवाह की स्थिति के खिलाफ बोलते हैं या रोकते हैं या कार्रवाई करते हैं।		

*स्कोर 0=लागू नहीं, स्कोर 1=दृढ़ता पूर्वक असहमत, स्कोर 2=असहमत, स्कोर 3=आंशिक रूप से सहमत, स्कोर 4=सहमत, स्कोर 5=दृढ़ता पूर्वक सहमत

ऑक्सफैम इंडिया
चौथी व पांचवी मंजिल,
श्रीराम भारतीय कला केन्द्र,
1, कॉपरनिकस मार्ग,
नई दिल्ली–110001

ऑक्सफैम इंडिया
OXFAM
India